'जिन्होंने हम पर राज किया आज उनकी अर्थव्यवस्था हमसे नीचे', मेरठ में बोले वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी

Pankaj Chaudhary Meerut Visit: केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी आज मेरठ पहुंचे. इस दौरान उन्होंने एक कार्यक्रम में शामिल होने के साथ ही सभा को संबोधित किया. जहां उन्होंने फेडरेशन ऑफ इंडियन स्मॉल मीडियम एंड माइक्रो एंटरप्राइजेज (FISME) के साथ मेरठ सिटीजन फोरम (MCF) द्वारा 2027 तक मेरठ की जीडीपी को चौगुना करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में भारतीय अर्थव्यवस्था पर चर्चा की है. इस कार्यक्रम में डीएम दीपक मीणा, सीडीओ नुपुर गोयल भी मौजूद रही.

जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 'जिन्होंने कभी हम पर राज किया था आज उनकी अर्थव्यवस्था हमसे नीचे हैं.' उन्होंने इस दौरान आगे कहा कि 'जब तक नीचे के पायदान के लोगों को सुविधा सम्मान नहीं मिलेगा तब तक भारत विकसित राष्ट्र नहीं बनेगा. पीएम नरेंद्र मोदी एक तरफ आम जनता के लिए शौचालय और दूसरी तरफ बुलेट ट्रेन की सोच रखते हैं.

मेरठ की जीडीपी चार गुना करना लक्ष्य

इस दौरान उन्होंने कहा कि उनका पूरा लक्ष्य मेरठ की जीडीपी चार गुना करने का होगा. वहीं उन्होंने शिक्षा नीति की बात करते हुए कहा कि 'हमारी शिक्षा में बाबू बनाने की ही इच्छा शक्ति थी, अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई शिक्षा नीति के जरिए इसमें बदलाव किया है. जिस यूएन में भारत को जगह नहीं मिलती थी. आज उस यूएन में भारत के पीएम के कहने पर 100 देश योग कर रहें हैं.

स्टडी बुक का किया विमोचन

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मेरठ की जीडीपी चार गुना करने के लक्ष्य पर आधारित स्टडी बुक का विमोचन करने आए थे. इस दौरान कार्यक्रम में सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने मेरठ की प्रगति रिपोर्ट उनके सामने रखी. इस दौरान उन्होंने कहा कि हैंडलूम, स्पोर्ट्स, कैंची, रेवड़ी गजक, ज्वैलरी, किसानी में मेरठ का कोई सानी नहीं है. मेरठ सिटीजन फोरम और फेडरेशन ऑफ इंडियन स्मॉल मीडियम एंड माइक्रो एंटरप्राइजेज (FISME) के प्रतिनिधियों ने भी वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के सामने स्टडी रिपोर्ट रखी.